**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**16.05.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- केन्द्रीय मंत्री व भाजपा के स्टार प्रचारक अनुराग ठाकुर ने कहा– देश की जनता की च्वाइस मोदी–प्रधानमंत्री ने हिमाचल को दी कई बड़ी सौगातें।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएगी कांग्रेस।
- लाहौल स्पीति में दारचा से आगे बारालाचा दर्रा–लेह मार्ग भारी वाहनों की आवाजाही के लिए अभी भी अवरूद्ध।
- प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना–लोगों को गर्मी से मिलेगी राहत।

---

**अनुराग ठाकुर**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा क्षेत्रों में एक जून को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भाजपा व कांग्रेस सहित निर्दलीय और अन्य पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बिलासपुर ज़िले के विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिमाचल सहित पूरे देश में एक ही च्वाइस है मोदी– और लोग माई च्वाइस मोदी ही बोल रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरणों के बाद स्पष्ट हो गया है कि जनता ने स्थिर और ईमानदार सरकार यानि मोदी सरकार के लिए अपना वोट दे दिया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल को सदा अपना दूसरा घर माना है और इस छोटे पहाड़ी राज्य के लिए कई बड़ी सौगातें दीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आपदा के समय भी हिमाचल को हज़ारों करोड़ रूपये की मदद दी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने देश का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया है।

**प्रचार कांग्रेस**

कांग्रेस के स्टार प्रचारक व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि देश की जनता में भाजपा के खिलाफ रोष है और कई राज्यों में भाजपा को लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिलेगी। ऊना में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रही है और लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा उपचुनाव में भी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है और ऊना में डेढ़ सौ करोड़ की ट्रिपल आई.टी के अलावा नर्सिंग कॉलेज, स्किल डवेल्पमेंट सेंटर सहित अन्य संस्थान खोले हैं और कई विद्यालयों को स्तरोन्नत किया है। उधर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लगातार झूठ का सहारा लेकर लोगों में नफरत फैलाने का काम कर रही है। चंबा ज़िले के डलहौजी में आज पत्रकारों से बातचीत में आनंद शर्मा ने कहा कि भाजपा ने 2014 से लगातार 10 साल केन्द्र में राज किया लेकिन विकास के मुद्दों पर पार्टी नेता कोई बात नहीं करते है। आनंद शर्मा ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता भाजपा से दूरी बना रही है और इसके नतीजे 4 जून को देखने को मिलेंगे।

वहीं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा स्थानीय मुद्दों से भाग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए कोई भी उपलब्धि बताने को नहीं है। ऐसे में भाजपा धर्म व तुष्टिकरण की राजनीति कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। इधर मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने आज बंजार व मनाली विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर बड़ी–बड़ी बातें करती हैं पर उस पर अमल नहीं करती। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में देव संस्कृति के संरक्षण में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान है।

**प्रचार भाजपा**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा हिमाचल प्रदेश में मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही है जबकि कांग्रेस जनता को झूठ बोलकर गुमराह करने का प्रयास कर रही है। मंडी ज़िले के बालीचौकी में आज भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ये बात कही। जयराम ठाकुर ने मतदाताओं से कंगना रणौत को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह भी किया। इस बीच शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज नाहन में जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज नई ऊंचाईयों को छूं रहा है जिससे भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। सुरेश कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में अनेक ऐसी योजनाओं की शुरूआत की है जिसका लाभ समाज के गरीब वर्गों को हो रहा है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां देश आगे बढ़ रहा है वहीं हिमाचल प्रदेश भी तेज़ गति से आगे बढ़ता हुआ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि

प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया के बाद चुनाव की तस्वीर साफ हो चली है और लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा प्रत्याशियों की जीत तय है। बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में हिमाचल में विकास ठप हो गया है और सरकार की नाकामी जनता के सामने आ चुकी है।

**मार्ग अवरूद्ध**

जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति में दारचा से आगे बारालाचा दर्रा– लेह मार्ग भारी वाहनों की आवाजाही के लिए हिमपात के चलते अभी भी अवरूद्ध है। ज़िला उपायुक्त राहुल कुमार ने आज केलंग में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि मौसम अनुकूल होने पर 20 मई तक इस मार्ग को भारी वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 2 सौ भारी वाहन दारचा पुलिस चैकपोस्ट पर रोके गए हैं जिनमें 3 सौ 50 से अधिक ड्राइवर, हैल्पर व अन्य लोग फंसे हुए हैं। उपायुक्त ने बताया कि ज़िला प्रशासन द्वारा उन्हें आवश्यक भोजन सामग्री सहित अन्य उचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने लेह की ओर जाने वाले ट्रक व भारी वाहन चालकों से मनाली से आगे न आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब तक सीमा सड़क संगठन द्वारा इस मार्ग को बहाल नहीं कर लिया जाता तब तक ट्रकों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। उपायुक्त ने लोगों से ज़िला प्रशासन की आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एडवाईजरी की अनुपालना करने का आग्रह भी किया है।

**मौसम**

प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी का असर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है और राज्य के कई भागों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 15 मई का दिन इस महीने का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कल से सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ से मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा की संभावना है जबकि कुछ स्थानों पर तेज़ हवाओं के चलने का भी अनुमान है।

**स्वीप**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य चुनाव विभाग के स्टेट इलेक्शन आइकॉन जसप्रीत पॉल ने आज किन्नौर ज़िले के टी.एस नेगी राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को निमंत्रण पत्र प्रदान कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने भी युवाओं को मताधिकार के महत्व के बारे में जागरूक किया। उधर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भी स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसी तरह प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी स्वीप के तहत लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

**दिव्यांग शिक्षा**

प्रदेश के सभी 6 सरकारी मैडिकल कॉलेजों में अब दिव्यांग विद्यार्थी निशुल्क पढ़ाई कर सकेंगे। अटल मैडिकल व रिसर्च यूनिवर्सिटी मंडी के कुलपति ने 15 मई को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। अब इन सभी 6 सरकारी मैडिकल कॉलेजों में एम.बी.बी.एस, एम.डी, नर्सिंग व अन्य पाठ्यक्रमों में पढ़ाई करने वाले सैंकड़ों दिव्यांग विद्यार्थियों को लाभ होगा। स्वयंसेवी संस्था उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने ये जानकारी दी है।